<u>कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

<u>प्रेस नोट</u>

दिनांक- 14.08.2022

आज दिनांक 14.08.2022 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री ए, सतीश गणेश द्वारा एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं अपराध श्री अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा एवं अभिसूचना श्री विक्रान्त वीर, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री राम सेवक गौतम व पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन श्रीमती आरती सिंह सहित समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

उक्त वर्चुअल मीटिंग के दौरान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री ए. सतीश गणेश द्वारा राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के दृष्टिगत आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किये जाने एवं निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं में भी आवश्यक सुरक्षा प्रबन्ध किये जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर उचित कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा निर्देशित किया गया।

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा एक सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसमें सराय/होटल/ढाबा/रोडवेज बस स्टैण्ड/रेलवे स्टेशन पर उक्त चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री ए. सतीश गणेश द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त हिदायत गई कि विशेषकर वीकेंड्स पर घाटों से सम्बन्धित थानों द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये तथा यातायात व्यवस्था में लगे कर्मियों का सहयोग किया जाये।

अन्त में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा पदक प्राप्त अधिकारीगण को बधाई देते हुए यह घोषणा की गई कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारीगण/कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया जायेगा।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।